Ministry of Ayush
Government of India

मो.दे.रा.यो.सं.

# MDNIY

# E-Newsletter

## August 2025



# प्रधान संपादक की कलम से


## संपादकीय टीम

**प्रधान संपादक**

**डॉ. काशीनाथ समगंडी**
निदेशक, मो.दे.रा.यो.सं.

**प्रबंध संपादक**

**मो. तैयब आलम**
संचार एवं प्रलेखन अधिकारी,
और उपनिदेशक (प्रभारी)

**संपादक**

**सौदामिनी सिंह**
वरिष्ठ सलाहकार (मीडिया)

**संतोष सिंह**
सलाहकार (मीडिया)

**डिजाइन**

**मोहन भारद्वाज**
सलाहकार (डिज़ाइनर)

**ताज़ा जानकारी के लिए जुड़ेः**

@mdniyayush

@mdniyyoga

@mdniy

@mdniyyoga


योग केवल अभ्यासों का समूह नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है। यह शाश्वत ज्ञान पर आधारित है, जिसकी शिक्षाएं हमें स्वास्थ्य और धैर्य प्रदान करने के साथ जीवन की चुनौतियों से जूझने की शक्ति प्रदान करती हैं। कई अध्ययनों में यह बात सिद्ध हुई है कि आसन, प्राणायाम, ध्यान और शिथिलीकरण जैसे अभ्यास शरीर और मन के सामंजस्य को बढ़ाते हैं, तनाव कम करते हैं और जीवन में संतुलन लाते हैं। अपने मूल में योग आनंद की खोज और परम सत्य की ओर एक अंतर्मुखी यात्रा है—जीवन का ऐसा मार्गदर्शक मंत्र, जो विशेषकर कठिन समय में हमें सहारा देता है।



प्रधान संपादक
**डॉ. काशीनाथ समगंडी**
निदेशक, मो.दे.रा.यो.सं.

आज की दुनिया में योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने वाली एक रूपांतरणकारी शक्ति बनकर सामने आया है। यह मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन की जटिलताओं के लिए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने वाला गहन दर्शन है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (मो.दे.रा.यो.सं.) का ध्येय योग शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता स्थापित करना है। अक्सर योग को केवल स्ट्रेचिंग तक सीमित समझा जाता है, जबकि इसकी व्यापकता हमारे विचारों, भावनाओं और आचरण तक फैली हुई है। यह संस्थान ऐसा वातावरण प्रदान करता है जो परंपरागत पाठ्यक्रमों से आगे बढ़कर रचनात्मकता, अनुशासन, नेतृत्व, संवादकौशल और जीवनोपयोगी क्षमताओं का विकास करता है—जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक प्रगति के लिए अनिवार्य हैं।

राष्ट्र निर्माण में योग शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की शिक्षा प्रणाली के बदलते परिदृश्य में लक्ष्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी परिवेश के लिए तैयार करना भी है। इस दिशा में हमारे प्रयास ऐसे कुशल योग प्रशिक्षक तैयार करने पर केंद्रित हैं, जो आगे चलकर हजारों लोगों को मार्गदर्शन दे सकें और समुदायों में स्वास्थ्य, जागरूकता और कल्याण का प्रसार कर सकें।

अपने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मो.दे.रा.यो.सं. योग को जन–जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सतत प्रयास केवल एक अनुशासन को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्तियों और अंततः एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में योगदान है।

इस संस्थान में छात्रों को योग के इसी समग्र और पारंपरिक स्वरूप से परिचित कराया जाता है।

# From the Desk of Editor-in-Chief

*Yoga is not just a set of practices but a holistic way of life. Rooted in timeless wisdom, its principles nurture positive health and resilience, equipping us to cope with the challenges of modern living. Practices like asana, pranayama, meditation, and relaxation techniques are scientifically recognised for harmonising body and mind, reducing stress, and promoting balance. At its essence, Yoga is a pursuit of happiness and an inward journey towards the supreme truth—a guiding mantra for life, especially during difficult times.*



*Editor-in-Chief*
**Dr. Kashinath Samagandi**
Director, MDNIY

*In today's world, Yoga stands as a transformative force that strengthens both mental and physical well-being. It is far more than physical exercise; it is a profound philosophy offering practical solutions to the complexities of human life.*

*At the Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY), our mission is to uphold excellence in Yoga education, training, research, and innovation. Yoga is often mistaken by some as merely stretching, whereas in reality, its scope extends far beyond—to our thoughts, emotions, and behaviour. The Institute provides an environment that goes beyond conventional curricula—nurturing creativity, discipline, leadership, communication, and life skills essential for personal and professional growth.*

*The role of Yoga education in nation-building cannot be overstated. In the evolving landscape of India's education system, the focus is not only on imparting knowledge but also on preparing students for a job-ready ecosystem. Our efforts are directed at creating skilled Yoga instructors who, in turn, can guide thousands, spreading health, awareness, and wellness across communities.*

*Through its programmes, MDNIY remains committed to bringing Yoga to the masses. This continuous endeavour is not just about promoting a discipline but about contributing to healthier individuals and, ultimately, a healthier society.*

*At MDNIY students are introduced to this holistic and traditional form of Yoga..*


## Editorial Team

**Editor-in-Chief**
Dr. Kashinath Samagandi
Director, MDNIY

**Managing Editor**
Md. Taiyab Alam
Communication & Documentation Officer, and Deputy Director (I/c)

**Editor**
Saudamini Singh
Senior Consultant (Media)

Santosh Singh
Consultant (Media)

**Design by**
Mohan Bhardwaj
Consultant (Designer)

**Catch the latest updates:**

@mdniyayush
@mdniyyoga
@mdniy
@mdniyyoga

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से किया 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व

देश ने स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे होने का पर्व अपार उत्साह और गर्व के साथ मनाया। ऐतिहासिक लाल किले से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य समारोह का नेतृत्व करते हुए तिरंगा फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। यह क्षण भारत की एकता, गौरव और अटूट संकल्प का प्रतीक बना।

इस वर्ष का समारोह "नया भारत" विषय पर आधारित रहा, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और आत्मविश्वासी राष्ट्र निर्माण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर ने देशवासियों में नई ऊर्जा, नवाचार की भावना और सामूहिक जिम्मेदारी का भाव जगाया।

माननीय प्रधानमंत्री मोदी का 103 मिनट का संबोधन अब तक का सबसे विस्तृत भाषण रहा। इसमें उन्होंने भारत की ऐतिहासिक यात्रा–पराधीनता से वैश्विक नेतृत्व तक–का उल्लेख करते हुए विकसित भारत 2047 के लिए सशक्त योजना प्रस्तुत की। उन्होंने भारत को तकनीकी रूप से सक्षम, आर्थिक रूप से शक्तिशाली और सामाजिक रूप से समावेशी राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता, नवाचार और नागरिक सशक्तिकरण को भविष्य की मजबूत नींव बताया।

प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रक्षा, सेमीकंडक्टर उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा, कृषि, डिजिटल संप्रभुता और युवा सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में भारत के उत्थान का स्पष्ट रोडमैप रखा। उन्होंने 2047 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य घोषित किया, जिससे भारत न केवल वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बने, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेशन का भी आदर्श प्रस्तुत करे।

इस वर्ष समारोह की अनूठी विशेषता यह रही कि योग विशेषज्ञों और औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर और समग्र स्वास्थ्य–कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। इस अवसर पर मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# Hon'ble Prime Minister Sh. Narendra Modi leads 79th Independence Day celebrations from the Red Fort

The nation celebrated its 79th Independence Day with immense pride and enthusiasm. Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi led the historic ceremony from the iconic Red Fort, where he unfurled the National Flag and addressed the nation. The occasion stood as a symbol of India's unity, resilience, and unwavering resolve.



This year's celebrations were themed "New India", reflecting the country's commitment to building a prosperous, secure, and confident future in line with the vision of Viksit Bharat 2047. The event inspired a renewed spirit of collective responsibility and determination among citizens to contribute to the nation's progress.

Delivering a landmark 103-minute address—the longest Independence Day speech to date—Hon'ble Prime Minister Modi outlined a comprehensive roadmap for Viksit Bharat 2047. He highlighted India's remarkable journey from colonial subjugation to global leadership, positioning the country as a technologically empowered, economically strong, and socially inclusive power. His vision emphasised self-





इसी क्रम में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में भी स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया और सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निर्वहन करे और अपने कर्म, विचार व आचरण से राष्ट्र की प्रगति, एकता और समृद्धि में योगदान दे।

reliance, innovation, and citizen empowerment as the cornerstones of a bright future.

The Prime Minister underscored India's rise across diverse sectors—from strategic defence to the semiconductor industry, from clean energy to agriculture, from digital sovereignty to youth empowerment. Setting an ambitious goal, he declared India's aim to become a 10-trillion-dollar economy by 2047, ensuring global competitiveness, social inclusion, and strategic self-reliance.

A unique highlight of this year's ceremony was the presence of Yoga experts and medicinal plant farmers as special guests—signifying India's rich cultural heritage and commitment to holistic health and well-being. Senior officials and staff of the Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY), Ministry of Ayush, were also present on the occasion.

In this spirit, MDNIY also celebrated Independence Day with great enthusiasm and patriotic fervour. The Institute's Director, Dr. Kashinath Samagandi, unfurled the National Flag, paid tribute to the Tricolour, and extended greetings to all staff members on the occasion. He urged every citizen to fulfil their duties with dedication, commitment, and integrity, and to contribute to the nation's progress, unity, and prosperity through their actions, thoughts, and conduct.



## वैद्य राजेश कोटेचा ने स्वतंत्रता दिवस के विशेष अतिथियों का किया सम्मान

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने नई दिल्ली स्थित इम्पीरियल होटल में 13 अगस्त, 2025 को आयोजित सम्मान समारोह की शोभा बढ़ाई। यह कार्यक्रम 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए आमंत्रित विशेष अतिथियों के सम्मान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर देशभर से आए 300 से अधिक विशिष्ट योग विशेषज्ञों और औषधीय पौधों की खेती करने वाले कृषकों ने भाग लिया।



यह आयोजन उन सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक था, जिन्होंने योग और पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में निरंतर योगदान दिया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उनकी उपस्थिति भारत की समृद्ध स्वास्थ्य एवं कल्याण परंपरा को संरक्षित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की औपचारिक पहचान है।

ये सभी अतिथि अपने जीवनसाथी और नोडल अधिकारियों के साथ 15 अगस्त 2025 को लाल किले, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय उत्सव में शामिल हुए। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उनकी सहभागिता भारत सरकार की इस प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है कि देश की सांस्कृतिक और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संवाहकों और प्रोत्साहकों का उचित सम्मान किया जाए।

सम्मान समारोह में आयुष मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें संयुक्त सचिव सुश्री मोनालिसा दास और मो.दे.रा.यो.सं. के निदेशक प्रो. (डॉ.) काशीनाथ समगंडी प्रमुख रहे। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन के महत्व को और भी बढ़ा दिया।

## Vaidya Rajesh Kotecha felicitates Special Guests of Independence Day celebrations

Vaidya Rajesh Kotecha, Secretary, Ministry of Ayush, graced the felicitation ceremony organised on August 13, 2025, in honour of the special guests invited for the 79th Independence Day celebrations. The event, held at The Imperial Hotel, New Delhi, witnessed the participation of over 300 distinguished Yoga experts and medicinal plant farmers from various parts of the country.

The programme served as a gesture of appreciation towards these individuals whose consistent efforts have significantly contributed to the promotion of Yoga and traditional healthcare practices, both at national and international levels. Their presence at the Independence Day celebrations is a recognition of their role in preserving India's rich wellness heritage.

The guests, accompanied by their spouses and nodal officers, participated in the national festivities at the historic Red Fort, New Delhi, on August 15, 2025. Their inclusion in the Independence Day ceremony underscores Indian Government's commitment to honouring those who safeguard and advance India's cultural and traditional knowledge systems.

The felicitation programme was attended by several senior officials of the Ministry of Ayush, including Ms. Monalisa Das, Joint Secretary, and Prof. (Dr.) Kashinath Samagandi, Director, MDNIY. Their presence added to the significance of the occasion.



# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयुष मंत्रालय के विशिष्ट अतिथियों ने मो.दे.रा.यो.सं. का किया दौरा

मो.दे.रा.यो.सं. ने 14 अगस्त, 2025 को उन विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया, जिन्हें आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया था। इस अवसर पर योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों को एक साथ आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विश्वभर में योग के प्रचार–प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सभा को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की कि उन्होंने इन प्रख्यात हस्तियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा– "योग आज एक वैश्विक धारा बन चुकी है, और इसका श्रेय स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं योग प्रचारकों के सतत प्रयासों को जाता है।

योग प्रमाणन बोर्ड के प्रधान सलाहकार श्री एन. के. कंसारा ने बताया "विशेषज्ञों के सहयोग से अब तक 91 देशों में 44,000 से अधिक पेशेवर योग साधकों को प्रमाणित किया जा चुका है। साथ ही, 6,50,000 से अधिक स्वयंसेवकों का एक सशक्त वैश्विक नेटवर्क भी तैयार किया गया है।"

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. आई. एन. आचार्य ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संचार एवं प्रलेखन अधिकारी और प्रभारी उपनिदेशक, मो. तैयब आलम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने भी सहभागिता की और विचारों के इस सार्थक आदान–प्रदान की सराहना की।

दूसरे सत्र औषधीय पौधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु आयुष मंत्रालय द्वारा सम्मानित किसान प्रतिनिधिमंडल ने भी संस्थान का भ्रमण किया। उन्होंने उत्साहपूर्वक "वाई–ब्रेक" अभ्यास सत्र में भाग लिया और उसके लाभों का अनुभव किया। किसानों के साथ संवाद में डॉ. समगंडी ने आधुनिक जीवन में योग की प्रासंगिकता तथा प्राकृतिक स्वास्थ्य पद्धतियों से उसके गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल को संस्थान की योग गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी हेतु विशेष भ्रमण भी कराया गया।

# On the eve of Independence Day, distinguished guests of the Ministry of Ayush visits MDNIY

Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY) extended a warm welcome on August 14, 2025 to distinguished guests honoured by the Ministry of Ayush for their remarkable contributions to the International Day of Yoga 2025. The visit brought together experts who have played a vital role in advancing Yoga and wellness across the globe.

Addressing the gathering, Dr. Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, expressed gratitude to the Government of India for inviting these eminent personalities to the 79th Independence Day celebrations. He remarked, "Yoga has become a global phenomenon, thanks to the dedicated efforts of wellness experts.

Sharing insights, Shri N. K. Kansara, Principal Consultant, Yoga Certification Board, said "With the support of experts, we have certified more than 44,000 professional Yoga practitioners in 91 countries, and built a network of over 6,50,000 volunteers."

The guests were warmly welcomed by Dr. I. N. Acharya, Programme Officer, while Md. Taiyab Alam, C&DO and Deputy Director (I/c), delivered the vote of thanks. The event was attended by MDNIY's faculty and staff, who appreciated the valuable exchanges.

In the second session a farmer delegation recognised by the Ministry of Ayush for their contributions to the medicinal plants sector also visited MDNIY. During their visit, they actively participated in the 'Y-Break' practice session and experienced its benefits. Dr. Samagandi, in his interaction with the farmers, underlined the growing significance of Yoga in modern life and its close connection with natural health practices. The delegation was also given a guided tour of the Institute to familiarise them with its various activities and programmes.



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की सफलता में योगदान के लिए मो.दे.रा.यो.सं. ने दिल्ली की योग संस्थाओं को किया सम्मानित

मो.दे.रा.यो.सं. के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने दिल्ली की प्रमुख योग संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की भव्य सफलता में उनके अमूल्य योगदान और निरंतर सहयोग के लिए 5 अगस्त, 2025 को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा, ''आपके सहयोग ने न केवल योग के संदेश का व्यापक रूप से प्रसार किया, बल्कि शहर भर में जन–भागीदारी को भी प्रेरित किया।''

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आई. एन. आचार्य सहित मो.दे.रा.यो.सं. के संकाय सदस्य और कर्मचारी भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सार्थक बनाने में योगदान दिया।

## MDNIY honours Delhi Yoga Institutions for their role in IDY-2025 success

Dr. Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, felicitated the prominent Yoga Institutions of Delhi on August 05, 2025 for their invaluable contribution and unwavering support in ensuring the grand success of the International Day of Yoga 2025. He expressed sincere gratitude for their collective efforts, underscoring that their collaboration was pivotal in spreading the essence of Yoga and inspiring widespread participation across the city.

Programme Officer Dr. I. N. Acharya, along with faculty members and staff of MDNIY, graced the occasion and extended their support in making the event meaningful.




## मो.दे.रा.यो.स. में योगासन एवं शतरंज प्रतियोगिताओं के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस का उत्सव

मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त, 2025 को मो.दे.रा.यो.सं. के क्रिया हॉल में योगासन एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.एससी. और एम.एससी. पाठ्यक्रमों के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्क सक्रिय भागीदारी निभाई।



इस अवसर पर संस्थान के संचार एवं प्रलेखन अधिकारी तथा प्रभारी उपनिदेशक मो. तैयब आलम ने खेल और योग के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में सहायक आचार्य (योग शिक्षा) डॉ. पवन कुमार, सहायक आचार्य (योग शिक्षा) डॉ. इंदु शर्मा, सहायक अनुसंधान अधिकारी (योग) के. डोरेन सिंह, और योग प्रशिक्षक, शुभम आर्य ने शिरकत की।

कार्यक्रम का समन्वय योग प्रशिक्षक नीतू सैनी और योग प्रशिक्षक अर्जुन नायडू ने किया।

## MDNIY celebrates National Sports Day with Yogasana and Chess Competitions

On the occasion of Major Dhyan Chand's birth anniversary and to mark National Sports Day, Yogasana and Chess competitions were organised on August 29, 2025 at the Kriya Hall of MDNIY. Students from B.Sc. and M.Sc. programmes participated with great enthusiasm and active involvement.

On this occasion, Md. Taiyab Alam, C.&D.O. and Deputy Director (I./c.) of the Institute, highlighted the deep connection between sports and yoga, emphasizing their significance.



The panel of judges for the competition included Dr. Pawan Kumar, Assistant Professor (Yoga Education); Dr. Indu Sharma, Assistant Professor (Yoga Education); Shri K. Doren Singh, Assistant Research Officer (Yoga); and Shri Shubham Arya, Yoga Instructor.

The event was coordinated by Yoga Instructors Neetu Saini and Arjun Naidu.

## राष्ट्रीय आयुष मिशन, उत्तर प्रदेश की प्रबंध निदेशक ने मो.दे.रा.यो.सं. का किया दौरा

राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) उत्तर प्रदेश की प्रबंध निदेशक सुश्री निशा अनंत ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 7 अगस्त, 2025 को मो.दे.रा.यो.सं. का दौरा किया। संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और संस्थान के दृष्टिकोण तथा योग के पहलुओं से उन्हें रूबरू कराया।

संचार और प्रलेखन अधिकारी तथा प्रभारी उपनिदेशक, मो. तैयब आलम ने प्रतिनिधिमंडल को संस्थान के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी की संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक, प्रशिक्षण और सामुदायिक कार्यक्रम चला रहा है। साथ ही, उन्होंने संस्थान के पाठ्यक्रमो और स्वास्थ्य संबंधी पहलों की जानकारी भी दी।

प्रस्तुति के बाद, अतिथियों को संस्थान का दौरा कराया गया। इस दौरान उन्होंने योग हॉल, पुस्तकालय और अनुसंधान विभाग जैसी विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया।

इस दौरान आहार विशेषज्ञ सुश्री मनजोत कौर भी उपस्थित रहीं।



## Managing Director of National Ayush Mission, Uttar Pradesh visits MDNIY

Ms. Nisha Anant, Managing Director, National Ayush Mission (NAM), Uttar Pradesh, along with senior officials, visited MDNIY on August 07, 2025. She was warmly welcomed by Dr. Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, who extended his greetings and shared the vision and Yoga initiatives of the Institute.

During the visit, Md. Taiyab Alam, Communication & Documentation Officer and Deputy Director(I/c.), briefed the delegation about the wide range of academic, training, and outreach programmes conducted by MDNIY to promote Yoga at the national and international level. He also highlighted the Institute's infrastructure, specialised courses, and community health initiatives.

Following the presentation, the guests were taken on a guided tour of the Institute, where they observed various facilities, including the auditorium, library, and research sections.

Dietician Ms. Manjot Kaur was also present during the visit.

## आईएफएस अधिकारी प्रशिक्षुओं ने मो.दे.रा.यो.सं. में योग शिक्षा एवं अनुसंधान का किया अवलोकन

आईएफएस 2024 बैच के 35 अधिकारी प्रशिक्षुओं का एक प्रतिनिधिमंडल 05 अगस्त, 2025 को मो.दे.रा.यो.सं., नई दिल्ली का दौरा करने पहुँचा।

प्रतिनिधिमंडल का संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने योग को स्वास्थ्य और कल्याण की समग्र पद्धति बताते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

भ्रमण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आई. एन. आचार्य ने संस्थान की गतिविधियों, पहलों और योगदानों पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने योग शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा जनस्वास्थ्य संवर्धन में संस्थान की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

इस संवाद में संस्थान के संकाय सदस्य एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## IFS Officer Trainees explore Yoga Education and Research at MDNIY

A delegation comprising 35 IFS Officer Trainees of the 2024 Batch visited MDNIY, New Delhi on August 05, 2025.

The delegation was warmly welcomed by Dr. Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, who extended his greetings and highlighted the importance of Yoga as a holistic approach to health and well-being.

During the visit, Dr. I.N. Acharya, Programme Officer, delivered a presentation on the various activities, initiatives, and contributions of MDNIY in the fields of Yoga education, training, research, and public health promotion.

The interaction was also attended by faculty members and staff of the Institute.



# मो.दे.रा.यो.सं. में सीसीवाईपीआई के छात्रों के लिए कार्यशाला

मो.दे.रा.यो.सं. में 'प्रोटोकॉल प्रशिक्षक हेतु योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम' (सीसीवाईपीआई) के छात्र–छात्राओं के लिए 28 अगस्त, 2025 को योग के ज्ञान एवं व्यावहारिक समझ को सुदृढ़ करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डॉ. पवन कुमार, सहायक आचार्य (योग शिक्षा) एवं डॉ. इंदु शर्मा, सहायक आचार्य (योग शिक्षा) द्वारा विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र हुआ, जिसमें उन्होंने अपने मूल्यवान सुझाव एवं अनुभव साझा किए।

कार्यशाला के अगले चरण में डॉ. विनय कुमार भारती, योग चिकित्सक ने योग निद्रा पर सत्र का संचालन किया।

इसके अतिरिक्त, षट्कम (यौगिक शुद्धि क्रियाएँ) सत्र का आयोजन मो.दे.रा.यो.सं. के योग प्रशिक्षकों ललित गंगवाल एवं ऐश्वर्या लक्ष्मी सिंह के देख–रेख में किया गया।

पूरे कार्यक्रम का समन्वयन योग प्रशिक्षक एवं सीसीवाईपीआई प्रभारी, अमृता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।



## Workshop for CCYPI students at MDNIY

A workshop was conducted at MDNIY for the students of the 'Certificate Course in Yoga for Protocol Instructor' (CCYPI) on August 28, 2025 to enhance their knowledge and practical understanding of Yoga.

A special lecture delivered by Dr. Pawan Kumar, Assistant Professor (Yoga Education), and Dr. Indu Sharma, Assistant Professor (Yoga Education). This was followed by an interactive session where students provided their valuable feedback.

This was followed by a session on Yog Nidra by Dr. Vinay Kumar Bharati, Yoga Therapist, MDNIY.

Additionally, a Shatkarma (Yogic cleansing practices) session was conducted under the supervision of Yoga Instructors of MDNIY: Lalit Gangwal and Aishwarya Laxmi Singh.

The overall coordination of the workshop was managed under the guidance of Amrita Sharma, YI & In-charge of CCYPI.

# एफसीवाईएससीडब्ल्यू छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन

मो.दे.रा.यो.सं. के क्रिया हॉल में "कल्याण के लिए योग विज्ञान में आधार पाठ्यक्रम" (एफसीवाईएससीडब्ल्यू) के ऑफलाइन और ऑनलाइन एवं डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु 25 अगस्त, 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने योग में आहार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस दौरान डॉ. इंदु शर्मा सहायक आचार्य (योग शिक्षा), एएफसीवाईएससीडब्ल्यू के प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक दलीप कुमार के साथ योग प्रशिक्षकों साहिल खोखर, कर्मवीर आर्य, कमल, अर्जुन नायडू, पप्पू कुमार प्रभात, प्रियंका खुराना और हरप्रीत कौर की उपस्थिति भी देखी गई।

## MDNIY organises workshop for knowledge enhancement for FCYScW

A workshop was organised at the Kriya Hall of MDNIY's for the students of the "Foundation Course in Yoga Science for Wellness" (FCYScW) on August 25, 2025. The workshop included participation from offline and online batches along with students of the DDA Sports Complex.

The event aimed at enriching the knowledge and boosting the motivation of the participants, who attended in large numbers with great enthusiasm.

The keynote address was delivered by Dr. Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, who elaborated on the significance of diet in Yoga.

The workshop also witnessed the presence of Dr. Indu Sharma, Assistant Professor (Yoga Education); Dalip Kumar, Yoga Instructor and FCYScW Coordinator along with Yoga Instructors Sahil Khokhar, Karmveer Arya, Kamal, Arjun Naidu, Pappu Kumar Prabhat, Priyanka Khurana, and Harpreet Kaur.



# मो.दे.रा.यो.सं. में सुरक्षा जागरूकता हेतु अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन



मो.दे.रा.यो.सं. ने अपने छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों में जागरूकता और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी को बढ़ाने हेतु 22 अगस्त, 2025 को अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियों को आग लगने की स्थिति में स्वयं की रक्षा करने से जुड़े प्रभावी कदम उठाने का प्रशिक्षण देना था।

व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का संचालन एन.डी.एम.सी., नई दिल्ली के पूर्व अग्निशामक सज्जन कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग और संचालन का प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने अग्नि सुरक्षा उपायों, रोकथाम के तरीकों तथा आपातकाल में शांति बनाए रखने के महत्व पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

संस्थान के संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से इस अभ्यास में भाग लिया और अग्नि सुरक्षा उपकरणों को संचालित करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने व्यक्तिगत तथा संस्थागत सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय भी सीखे।

इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. पवन कुमार, सहायक आचार्य (योग शिक्षा) मो.दे.रा.यो.सं. ने किया।

# MDNIY organises Fire Extinguisher Mock Drill to promote safety awareness

MDNIY organised a fire extinguisher mock drill to enhance awareness and preparedness among its students and staff on August 22, 2025. The initiative aimed to equip participants with the necessary knowledge and skills to respond effectively in case of any fire-related emergency.

The practical training session was led by Sajjan Kumar Sharma, Former Fireman, NDMC, New Delhi, who demonstrated the proper handling and usage of different types of fire extinguishers. He also shared



valuable insights on fire safety measures, preventive practices, and the importance of staying calm during emergencies.

Faculty members and staff of MDNIY actively took part in the drill, gaining hands-on experience in operating fire safety equipment and learning key steps to ensure personal as well as institutional safety.

The event was coordinated by Dr. Pawan Kumar, Assistant Professor (Yoga Education) MDNIY.



## मो.दे.रा.यो.सं. में नए विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास व्याख्यान

मो.दे.रा.यो.सं. के सम्मेलन कक्ष में एम.एससी. (योग), बी. एससी. (योग) एवं पीजीडीवाईटीएमपी पाठ्यक्रम के नए विद्यार्थियों के लिए 01 अगस्त, 2025 को अभिविन्यास व्याख्यान आयोजित हुआ।

मुख्य वक्ता मो.दे.रा.यो.सं. निदेशक डॉ. काशीनाथ समगंडी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, योजना और आत्म–मूल्यांकन को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। संचार एवं प्रलेखन अधिकारी मो. तैयब आलम ने छात्रों से प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान की गरिमा बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आई.एन. आचार्य ने स्वागत भाषण दिया और सहायक आचार्य डॉ. अर्पित कुमार दुबे ने संस्थान की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और योग प्रशिक्षकों की उपस्थित भी रही।



## MDNIY hosts orientation lecture to inspire new Yoga students

MDNIY organised an orientation lecture for students of M.Sc. (Yoga), B.Sc. (Yoga), and PGDYTMP in its Conference Hall on August 01, 2025.

MDNIY, Director Dr. Kashinath Samagandi, in his address, inspired the students to integrate discipline, planning & self assessment in their lives.

Md. Taiyab Alam, C&DO and Deputy Director(I/c), urged students to uphold its dignity through excellence.

Dr. I. N. Acharya, Programme Officer (Yoga Therapy) welcomed the students, while Dr. Arpit Kumar Dubey briefed about the Institute's academic and research activities. Faculty members and Yoga instructors also attended the session.

## मो.दे.रा.यो.सं. के छात्रों ने डब्ल्यूएचओ हर्बल मेडिसिन कार्यशाला में प्रस्तुत किया योग फ्यूजन

मो.दे.रा.यो.सं. के विद्यार्थियों ने 6 से 8 अगस्त, 2025 तक गाजियाबाद में आयोजित विश्व स्वास्थ्य संगठन –अंतरराष्ट्रीय औषधीय पौधों की नियामक सहयोग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में योग फ्यूजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मो.दे.रा.यो.सं. के योग प्रशिक्षक शुभम आर्य ने उड्डियान बंध और अग्निसार क्रिया जैसे यौगिक शुद्धिकरण अभ्यासों का प्रदर्शन भी किया।

सत्र में हर्बल औषधियों की सुरक्षा और नियमन, उनकी प्रभावशीलता तथा उपयोग के उद्देश्य पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

## MDNIY students showcase Yoga Fusion at WHO Herbal Medicines Workshop

Students of MDNIY performed a Yoga Fusion at the inaugural session of the World Health Organization (WHO) – International Regulatory Cooperation for Herbal Medicines Workshop, held in Ghaziabad from August 6 to 8, 2025. Shubham Arya, Yoga Instructor, MDNIY, also demonstrated Yogic cleansing practices such as Uddiyana Bandha and Agnisar Kriya.

The session focused on safety and regulation of herbal medicines and efficacy and the intended use of herbal medicines.



# MEDIA COVERAGE

DD News
6.6M subscribers




## THE HINDU

### WHO, India working to standardise Yoga training practices

**Exercise aims to set global benchmarks for training, practice, and professional competency**

Updated - August 31, 2025 09:25 am IST - NEW DELHI




In a first-of-its-kind initiative, the World Health Organisation (WHO), in collaboration with India, is working to bring in standardisation in Yoga training practices to ensure that Yoga serves as a preventive, promotive, and rehabilitative intervention, said Kashinath Samagandi, Director of the Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY), in an interaction with *The Hindu.*

## जागरण

### MDNIY ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के विशेष अतिथियों का किया स्वागत, योग समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा

BY JAGRAN NEWS | EDITED BY: JEET KUMAR
UPDATED: THU, 14 AUG 2025 10:59 PM (IST)



डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयुष मंत्रालय के विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इन अतिथियों को 21 जून 2025 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के सफल आयोजन में उनके योगदान के सम्मान स्वरूप आमंत्रित किया गया था।

## THE DAILY Jagran

NEWS

### Special Guests Of Independence Day Ceremony Visit MDNIY

*Dr Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, in his address, expressed his heartfelt gratitude to the Govt of India for inviting these guests to the 79th Independence Day celebration.*



Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY) welcomed Special Guests of the Ministry of Ayush on the eve of the 79th Independence Day. These guests were invited to acknowledge their contribution to the IDY celebration on 21 June 2025.

## THE HealthSite.com

### A Confluence Of Yoga And Patriotism: MDNIY Celebrates Independence Day With Great Enthusiasm

Today we will know what happens by doing yoga daily and what are its benefits.




Written by Editorial Team , Published : August 13, 2025 13:19 AM IST


While Independence Day celebrations are taking place across the country, the Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY) welcomed distinguished guests from the Ministry of AYUSH on the eve of the 79th Independence Day and emphasized the importance of creating awareness about yoga and implementing it in life. In his address, MDNIY Director Dr. Kashinath Samgandi expressed gratitude to the Government of India and said, "Yoga has spread across the world today, thanks to the dedicated efforts of health and wellness experts. Yoga is India's gift, and it is our responsibility to preserve and propagate it in its true form and spirit." He further said, "When discussing yoga, we must also consider holistic aspects such as diet, behavior, and conduct."

## Devdiscourse
Discourse on Development

### Yoga Diplomacy: Celebrating Contributions to International Day of Yoga

The Morarji Desai National Institute of Yoga hosted special guests from the Ministry of Ayush to honor their contributions to the International Day of Yoga celebrations. Highlights included discussions on yoga's global impact, ongoing initiatives, and a tour of the institute. The visit reinforced yogic values during Independence Day celebrations.

Devdiscourse News Desk | New Delhi | Updated: 15-08-2025 01:21 IST | Created: 15-08-2025 01:21 IST




## THE WEEK
MAGAZINE

### MDNIY welcomes special guests from Ayush Ministry on eve of Independence Day

*PTI* | Updated: August 15, 2025 01:33 IST

New Delhi, Aug 14 (PTI) The Morarji Desai National Institute of Yoga (MDNIY) on Thursday welcomed special guests from the Ministry of Ayush invited in recognition of their significant contributions to the International Day of Yoga (IDY) celebrations held on June 21, officials said.

The visit took place on the eve of the 79th Independence Day.

Addressing the gathering, Dr Kashinath Samagandi, Director, MDNIY, expressed gratitude to the government of India for inviting these distinguished guests to the national celebrations.

He said that yoga, having emerged as a global phenomenon, carries the responsibility of being preserved and promoted in its authentic form.